वृहद स्तर पर लॉन्च की गई ‘उड़ान योजना’

चर्चा में क्यों?

19 दिसिंबर, 2021 को राज्य सरकार के कार्यकाल के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा मुख्यमंत्री निवास से ‘आई एम शक्ति उड़ान योजना’, ‘जागृति-बैक टू वर्क योजना’ तथा प्रदेश में झुंझुनू, चूरू, बूंदी एवं हनुमानगढ़ ज़िलों में नवनिर्मित ‘सखी वन स्टॉप सेंटर’ का लोकार्पण किया गया।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि इस योजना से राजस्थान की 1 करोड़ 20 लाख महिलाओं को आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके के जोड़कर लाभान्वित किया जाएगा।
- इस महत्त्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य की हर किशोरी और महिला तक निशुल्क सेनेटरी नेपकिन पहुँचाया जाएगा। हर स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र से किशोरियाँ अपनी सेल्फ हाइजीन के लिये इस योजना का लाभ ले पाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग को इस योजना को संचालित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।
- मंत्री ममता भूपेश ने कहा कि मुख्यमंत्री की स्वच्छ और स्वस्थ राजस्थान व निरोगी राजस्थान की संकल्पना का सपना साकार करने की कड़ी में महिलाओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने का काम उड़ान योजना के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इतने बड़े स्तर पर यह देश में राजस्थान की अपने आप में एक अनूठी पहल है।
- उल्लेखनीय है कि राजस्थान में महिलाओं के लिये स्वास्थ्य जागरूकता एवं नि:शुल्क सेनेटरी वितरण हेतु वित्तीय वर्ष 2021-22 में मुख्यमंत्री द्वारा बजट घोषणा में वर्णित **‘Health** एवं **Hygiene’** को ध्यान में रखते हुए छात्राओं एवं किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अब इसका दायरा बढ़ाते हुए सभी महिलाओं को, आवश्यकतानुसार यह सुविधा ‘मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना’ के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाएगी।
- विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ घूंघट प्रथा भी है तथा महिलाएँ अपनी ऐसी समस्याएँ किसी से संकोचवश कह नहीं पाती हैं व इस कारण अनेक रोगों से ग्रसित हो जाती हैं तथा उन्हें समय पर इलाज भी नसीब नहीं होता। अत: महिला **SHG,** सामाजिक संस्थाओं एवं **NGOs** के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी विशेष जागरूकता अभियान चलाकर सेनेटरी नैपकिन का वितरण करवाया जाएगा।
- इस हेतु इन संगठनों को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इस योजना में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रस्तावित है। इसकी अनुपालना में विभाग द्वारा आई एम शक्ति उड़ान योजना बनाई गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/udan-yojana-launched-on-a-large-scale